# निविदा प्रपत्र (Tender Document)

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान खरीद कार्यों हेतु संघ के क्रय केन्द्रों पर धान परिवहन एवं लेबर हैंडलिंग कार्य हेतु निविदा पत्र।

**TENDER No.: UCF/PADDY/H&T/T-01/25-26**

**दिनांक : /September/2025**

लिविदा प्रपत्र का मूल्य -रु० 590 /- (पाँच सौ नब्बे रुपये मात्र ( GST सहित)

**उत्तराखण्ड राज्य सहकारी संघ लि०**

मुख्यालय: "यू सी एफ सदन" – दीप नगर रोड, विष्णु विहार, देहरादून – 248001 (उत्तराखण्ड)

Scanned with CamScanner

Scanned with OKEN Scanner

## महत्वपूर्ण तिथि एवं समय

| निविदा का विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| निविदा की वेबसाईट पर उपलब्धता एवं समय | 04/09/2025 | अपराह्न 02:00 बजे से |
| निविदा अपलोड करने की प्रारम्भिक तिथि एवं समय | 04/09/2025 | अपराह्न 02:00 बजे से |
| निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 18/09/2025 | दोपहर 12:00 बजे तक |
| निविदा ऑफलाइन जमा करने का स्थान, तिथि एवं समय | 18/09/2025<br>उत्तराखण्ड राज्य सहकारी संघ लिमिटेड,<br>यू" सी एफ सदनदीप " नगर रोड ,<br>विष्णु विहार - देहरादून ,248001 | दोपहर 12:00 बजे तक |
| निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय | 18/09/2025 | अपराह्न 02:30 बजे से |

## निविदा से सम्बंधित जानकारी

सभी संभावित आवेदनकर्ता निविदा से सम्बंधित जानकारी नियत तिथि से पूर्व निम्नलिखित मोबाइल न० से प्राप्त कर सकते हैं:

| क्र0 | नाम जनपद/पद नाम | मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|
| 01 | कार्यालय, देहरादून | 8191801919 |
| 02 | कार्यालय, हरिद्वार | 8191801920 |
| 03 | कार्यालय, उधमसिंहनगर/नैनीताल | 8191801917 |
| 04 | कार्यालय, उधमसिंहनगर/नैनीताल | 8191801923 |

प्रबन्ध निदेशक
यू.सी.एफ., देहरादून

**प्रबंध निदेशक**

Scanned with CamScanner

Scanned with OKEN Scanner

## तकनीकी निविदा (Technical bid)

यूसीएफ द्वारा संचालित खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 में धान क्रय केन्द्रों में परिवहन एंव लेबर हैण्डलिंग कार्यो हेतु (वित्तीय वर्ष 2025–26)

| | |
|---|---|
| प्रस्तावित क्रय केन्द्र का नाम जिसके लिए निविदा दी जा रही है | |
| विकासखण्ड एवं जनपद का नाम | |
| निविदादाता का नाम | |
| निविदादाता का आधार संख्या | |
| निविदादाता का मोबाइल नम्बर | |
| निविदादाता का ई मेल | |
| निविदादाता के बैंक एकाउण्ट का नाम, पता, नम्बर व आई0एफ0एस0सी0कोड | |

### तकनीकी निविदा हेतु — समस्त अभिलेख/प्रमाण पत्र अपलोड करें।

| | |
|---|---|
| निविदा शुल्क (यूटीआई नम्बर सहित रसीद अपलोड करें) | |
| धरोहर धनराशि का विवरण (बैंक ड्राफ्ट की प्रति अपलोड की जायेगी तथा मूल प्रति तकनीकी निविदा प्रपत्र के साथ टैण्डर बाक्स में डाली जायेगी) | बैंक का नाम—<br>एफडीआर संख्या—<br>वैधता तिथि–– |
| पत्र व्यवहार का पता एंव स्थायी पता (प्रमाण पत्र सहित) अपलोड करें | |
| अनुभव का विवरण अपलोड करें | |
| हैसियत प्रमाण पत्र संख्या व निर्गमन का दिनांक अपलोड करें | |
| आयकर विवरण— (विगत 3 वर्षो का आयकर रिर्टन, बैलेन्स शीट, प्राफिट एव लास एकाउण्ट एंव शिडयूट टैक्स आडिट रिर्पोट (जहां लागू हो) एव कम्पनी की दशा में आर0ओ0सी0रिर्टन) अपलोड करें | |
| पैन नम्बर अपलोड करें | |
| जी0एस0टी0नम्बर अपलोड करें | |
| रू0 10/– का शपथ पत्र (संलग्न पृष्ठ सं0 08 ) के अनुसार अपलोड करें | |

निविदा प्रपत्र की प्रति आनलाइन अपलोड की जायेगी तथा इसके हर पृष्ठ पर निविदादाता के मोहरयुक्त हस्ताक्षर होंगे। निविदा शुल्क रू0 590/– रू0 आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से संघ के बैंक खाते में जमा की जायेगी, जिसकी रसीद/साक्ष्य अपलोड की जायेगी।

मैंने/हमने निविदा के तत्वों को भलीभांति पढ़कर समझ लिया है और मैं/हम इनकों स्वीकार करते हुए निविदा दे रहा हूँ/रहे हैं।

निविदादाता के हस्ताक्षर————————————

नाम व पूरा पता मोहर सहित

प्रबन्ध निदेशक
यू.सी.एफ., देहरादून

Scanned with CamScanner

Scanned with OKEN Scanner

# तकनीकी निविदा की शर्ते

01– यूसीएफ मे धान क्रय केन्द्रों के हैण्डलिंग एवं परिवहन कार्यो हेतु व्यक्तियों/फर्मों/समिति द्वारा आनलाईन निविदा प्रक्रिया मे भाग लिया जा सकता है। निविदा की शर्ते व निविदा प्रपत्र वेबसाईट **https://uktenders.gov.in** तथा संघ की वेबसाइट **www.ucf.org.in** पर उपलब्ध है।

02– अपूर्ण, कटिंग, अपठनीय, ओवर राईटिंग तथा बिना डिजीटल सिग्नेचर निविदा अस्वीकृत कर दी जायेगी।। निविदा प्रपत्र के सभी कालम को स्पष्ट भरा जाये सशर्त (कन्डीशनल) निविदा मान्य नहीं होगी। केवल आनलाईन निविदा ही स्वीकार की जायेगी। पारदर्शिता और दक्षता को बढ़ावा देने हेतु ऑनलाइन निविदा प्रस्तुतियों को ऑफ़लाइन प्रस्तुतियों की अपेक्षा प्राथमिकता दी जाएगी। ऑफ़लाइन निविदा दस्तावेज़ों का मूल्यांकन ऑनलाइन प्रस्तुतियों के आधार पर किया जाएगा।"

03– निविदा प्रपत्र **https://uktenders.gov.in** तथा संघ की वेबसाइट **www.ucf.org.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा शुल्क का भुगतान **IDBI Bank, Dehradun** खाता सं0 **0070102000024365**, आईएफएससी कोड– **IBKL0000070**, खाता नाम– **Uttarakhand State Cooperative Federation Ltd.** में आरटीजीएस/आनलाईन ट्रान्सफर के माध्यम से किया जाना होगा जोकि नॉन रिफंडेबिल होगा जिसकी रसीद/साक्ष्य तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करनी होगी।

04– निविदा प्रपत्र (तकनीकी एवं वित्तीय तथा नियम शर्तें) वेबसाइट **http://uktenders.gov.in** तथा **www.ucf.org.in** से दिनांक– 04/09/2025 से 18/09/2025 तक डाउनलोड किये जा सकते है। निविदा फार्म में मांगे गये सभी प्रपत्र सहित दिनांक– 18/09/2025 की 12.00 बजे तक **http://uktenders.gov.in** पर अपलोड की जा सकती है, जो कि उसी दिन 02:30 बजे अपराह्न उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की धनराशि जमा किये बिना निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। **तकनीकी निविदा प्रपत्र एवं सम्बन्धित प्रपत्रों की मूलप्रति तथा धरोहर धनराशि का ड्राफ्ट मूलरूप में निविदा खोले जाने की तिथि 18/09/2025 की 12.00 बजे तक निविदा बाक्स मे डालना अनिवार्य होगा।** निविदा एंव अन्य शर्तो तथा कार्य से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी यूसीएफ के जिला कार्यालय बरेली रोड हल्द्वानी तथा जमालपुरकलाँ हरिद्वार से किसी भी कार्य दिवस तथा संघ की वेबसाइट **www.ucf.org.in** से प्राप्त की जा सकती है।

**05– एक निविदा फार्म पर केवल एक ही क्रय केन्द्र हेतु निविदा दी जायेगी तथा किसी निविदादाता द्वारा अधिकतम केवल 02 क्रय केन्द्र हेतु ही निविदा प्रपत्र अपलोड किये जा सकते हैं। 02 से अधिक क्रय केन्द्रों की अपलोड निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी ।**

06– यदि किसी निविदादाता द्वारा दो निविदाये दी जाती है तो प्रत्येक निविदा के लिए पृथक–पृथक निविदा प्रपत्र, शुल्क, धरोहर धनराशि, प्रतिभूति धनराशि एवं तकनीकी निविदा के समस्त प्रपत्र अपलोड/टैण्डर बाक्स में जमा करना आवश्यक होगें। बिना उक्त प्रपत्रों के निविदा तत्काल अस्वीकृत कर दी जायेगी।

07– निविदादाता को तकनीकी निविदा से सम्बन्धित समस्त वांछित प्रपत्र/दस्तावेज आनलाईन अपलोड करना अनिवार्य होगा। आनलाईन अपलोड किये गये समस्त प्रपत्र/दस्तावेज सुस्पष्ट एवं पठनीय होने अनिवार्य होंगे ।

08– निविदादाता को तकनीकी निविदा में वाहनों के सम्बन्ध में माल ढोने वाले स्वंय/किराये पर लिये जाने वाले कम से कम 02 वाहन/वाहनों के पंजीयन प्रमाण पत्र के स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न करना होगा। आवेदक द्वारा दिये गये वाहनों की संख्या के सापेक्ष आरटीओ सम्बन्धित समस्त प्रपत्र एंव प्रमाण पत्रों को तकनीकी निविदा लिफाफे के साथ संलग्न करना होगा।

09– **केवल उतराखंड राज्य में पंजीकृत एवं कार्यरत निविदाकर्ताओं को इस निविदा में भाग लेने की अनुमति होगी।** उत्तराखंड राज्य के बाहर स्थित फर्मो अथवा व्यक्तियों द्वारा प्रस्तुत निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी एवं बिना विचार के निरस्त कर दी जाएंगी।"

10– निविदादाता को शर्त सं0 08 के अन्तर्गत अन्य स्रोत से उपलब्ध होने वाले ऐसे वाहनों का पूर्ण विवरण रू0 10.00 के नॉन ज्यूडिशल स्टाम्प पेपर पर लिखित स्वीकृति प्राप्त कर तकनीकी निविदा लिफाफे के साथ संलग्न करना होगा।

प्रबन्ध निदेशक
यू.सी.एफ., देहरादून

Scanned with CamScanner

Scanned with OKEN Scanner

11– निविदा यदि किसी फर्म/कम्पनी/सोसाइटी आदि द्वारा भरी जाती है तो उसके निबंधन/पंजीकरण तथा साझेदारी फर्म हेतु Partnership Deed/Agreement की स्वप्रमाणित छायाप्रति तकनीकी निविदा के लिफाफे मे संलग्न करना होगा।

12– निविदादाता द्वारा आयकर रिटर्न कर निर्धारण वर्ष 2022–23, 2023–24, 2024–25 जीएसटी पंजीकरण प्रमाण पत्र, पेन कार्ड, आधार कार्ड एंव बैंक विवरण की स्वप्रमाणित छायाप्रति अपलोड करेंगे साथ ही तकनीकी निविदा के लिफाफे मे संलग्न करना होगा।

13– प्रत्येक निविदादाता को उक्त निविदा हेतु अपना कम से कम रू0 25,00,000/– (पच्चीस लाख) का हैसियत प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी से प्राप्त कर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा जोकि विज्ञापन की तिथि से 06 माह पूर्व का न हो, आनलाईन अपलोड करना होगा एवं तकनीकी निविदा के लिफाफे मे संलग्न करना होगा।

14– निविदादाता द्वारा पूर्व में किये गये समान कार्य के अनुभव प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति को आनलाईन अपलोड करना होगा एवं तकनीकी निविदा के लिफाफे मे संलग्न करना होगा।

15– फर्म/कंपनी/सोसाइटी आदि द्वारा निविदा हेतु आवेदन करने के लिए हस्ताक्षरकर्ता को निविदा पर हस्ताक्षर, जमा एंव अग्रिम कार्यवाही करने के लिए अधिकृत किया जाएगा, इस मामले मे आवेदनकर्ता द्वारा अधिकृत हस्ताक्षर पत्र तकनीकी निविदा के लिफाफे मे संलग्न करना होगा।

16– निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ को क्रमांगत रूप से क्रमांकित और मोहरसहित हस्ताक्षरित किया जाना होगा।

17– पूर्ण रूप से भरे गये निविदा प्रपत्र के साथ रू 100 का स्टाम्प पेपर जो कि प्रथम पक्ष उत्तराखण्ड राज्य सहकारी संघ लि0 देहरादून एंव द्वित्तीय पक्ष में निविदादाता के नाम से हो, को तकनीकी निविदा के लिफाफे मे संलग्न करना होगा।

18– निविदादाता को निविदा प्रपत्र के साथ परिवहन एंव हैंडलिंग कार्यो हेतु धरोहर धनराशि रू0 25,000/– (पच्चीस हजार) एफ0डी0आर0 के रूप में जमा करनी होगी जोकि "उत्तराखण्ड राज्य सहकारी संघ लि0 देहरादून" के नाम बन्धक हो तकनीकी निविदा के साथ लिफाफे में संलग्न करना होगा। असफल निविदादाता द्वारा जमा की गयी धरोहर धनराशि निविदा की सम्पूर्ण कार्यवाही पूर्ण होने की तिथि के 30 दिवस पश्चात ही वापस की जायेगी।

19– सफल निविदादाता द्वारा धरोहर धनराशि के अतिरिक्त प्रतिभूति धनराशि के रूप में रू0 1,00,000/– (एक लाख) एफ0डी0आर0 के रूप में जमा करनी होगी जोकि "उत्तराखण्ड राज्य सहकारी संघ लि0 देहरादून" के नाम बन्धक होगी, यह भी उल्लेखनीय कि उक्त कार्य के निष्पादन के अन्तर्गत यदि निविदादाता/ठेकेदार द्वारा किसी भी प्रकार उल्लघन किया जाता है तो उक्त धरोहर प्रतिभूति की राशि को जब्त कर लिया जायेगा।

20– यह निविदा खरीफ क्रय योजना वर्ष 2025–26 हेतु आमंत्रित है। अतः विकेद्रिकृत धान खरीद योजना के कार्य हेतु ही वर्ष 2025–26 के लिए स्वीकृत की जायेगी। धान क्रय केन्द्र पर कार्य समाप्त होने अथवा क्रय केन्द्र को बन्द करने की दशा मे लेबर हैंडलिंग एंव धान परिवहन कार्य का ठेका स्वतः ही समाप्त माना जायेगा।

21– जिस निविदादाता की निविदा स्वीकृत कर ली जायेगी उसे संघ द्वारा निर्धारित तिथि के अन्तर्गत प्रतिभूति धनराशि जमा कर अनुबन्ध पत्र को हस्ताक्षरित करने के उपरांत ही कार्य प्रारम्भ करना होगा।

22– निविदा खोलने के उपरान्त उसमें किसी भी प्रकार का संशोधन किये जाने की अनुमति नहीं होगी। किसी भी समय डीजल आदि के दाम वृद्धि होने पर संघ का कोई उत्तरदायित्व नही होगा।

23– किसी भी सरकारी/सहकारी समितियां/सहकारी संस्थायें एंव संघ के कर्मचारी/अधिकारी एंव उनके निकट सम्बन्धी (माता/पिता/पत्नी/पुत्र/पुत्री/भाई/बहन) के नाम से दी गई निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

24– धान परिवहन एवं हैण्डलिंग एस0ओ0आर0 दरें क्रमशः लेबर हैण्डलिंग हेतु रू0 18/– प्रति कु0 परिवहन हेतु रू0 21.02 प्रति कु0 की दरों से 10 प्रतिशत से कम दी गई दरों में विचार नहीं किया जायेगा।

25– सफल निविदादाता को संघ का नाम मात्रिक सदस्य बनना अनिवार्य होगा, जिस हेतु रू0 100/– पृथक से शुल्क के रूप में भुगतान करना अनिवार्य होगा।

Scanned with OKEN Scanner

26– संघ द्वारा खरीफ खरीद वर्ष 2024–25 में निम्न धान क्रय केन्द्र संचालित किये गये थे । क्रय केन्द्रों का अन्तिम आवंटन एवं निर्धारण जिलाधिकारी महोदय द्वारा किया जाता है ,फलस्वरूप धान क्रय केन्द्रों में घटोत्तरी एवं बढोत्तरी हो सकती है। अतः खरीफ खरीद 2025–26 में जिलाधिकारी महोदय, द्वारा संघ हेतु अनुमोदित क्रय केन्द्र ही संघ द्वारा संचालित किये जायेगें।

**नोट– काली सूचीबद्ध हैंडलिंग एवं परिवहन ठेकेदार निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेंगे।**

जनपद– उधमसिंहनगर

| क्र0 | नाम क्रय केन्द्र | क्र0 | नाम क्रय केन्द्र |
|---|---|---|---|
| 01 | जसपुर क्रय विक्रय समिति मुख्यालय प्रथम | 43 | बरहैनी भटपुरी |
| 02 | जसपुर क्रय विक्रय समिति मुख्यालय द्वितीय (पतरामपुर मण्डी) | 44 | भजुवानगला |
| 03 | समिति उर्वरक गोदाम परिसर नादेही (फीकापार स0मु0) | 45 | नमूना |
| 04 | नादेही | 46 | गदरपुर क्रय विक्रय समिति मुख्यालय |
| 05 | तालबपुर | 47 | गदरपुर मण्डी |
| 06 | हजीरो | 48 | जाफरपुर |
| 07 | र्धमपुर | 49 | आर्दशनगर |
| 08 | पतरामपुर | 50 | दिनेशपुर |
| 09 | महुवाडाबरा | 51 | रोशनपुर |
| 10 | वीरपुरी | 52 | गूलरभोज |
| 11 | रायपुर | 53 | सकैनिया |
| 12 | खालीपार | 54 | नन्दपुर खेमपुर समिति मुख्यालय |
| 13 | अंगतपुर | 55 | बगवाडा मण्डी |
| 14 | किशनपुर | 56 | बगवाडा मण्डी द्वितीय (फुलसुंगा) |
| 15 | जगतपुर पटटी | 57 | छतरपुर |
| 16 | गढीनेगी | 58 | भगवानपुर |
| 17 | किलावली | 59 | बिन्दुखेडा |
| 18 | काशीपुर क्रय विक्रय समिति मुख्यालय | 60 | तराई विकास संघ समिति मुख्यालय रूद्रपुर |
| 19 | फसियापुर | 61 | दानपुर |
| 20 | कुण्डा | 62 | पन्तनगर फार्म हल्दी |
| 21 | ढकियाकलां | 63 | बेनी पन्तनगर |
| 22 | लोहियापुल | 64 | किच्छा मण्डी |
| 23 | महुवाखेडागंज | 65 | देवरिया (किच्छा मण्डी) |
| 24 | कुण्डेश्वरी समिति मुख्यालय | 66 | बंडिया (किच्छा मण्डी) |
| 25 | प्रतापपुर घनौरी | 67 | दोपहरिया (किच्छा मण्डी) |
| 26 | खरमासा | 68 | मिलक (किच्छा मण्डी) |
| 27 | नीझडा | 69 | दरउ |
| 28 | मिस्सरवाला | 70 | लालपुर |
| 29 | गुलजारपुर | 71 | शान्तिपुरी |
| 30 | बाजपुर क्रय विक्रय समिति मुख्यालय प्रथम | 72 | महाराजपुर |
| 31 | बाजपुर क्रय विक्रय समिति मुख्यालय द्वितीय | 73 | यूसीएफ गोदाम दरउ रोड (शहदौरा) |
| 32 | बाजपुर मण्डीस्थल प्रथम | 74 | नारायणपुर |
| 33 | बाजपुर मण्डीस्थल द्वितीय | 75 | सितारगंज क्रय विक्रय समिति मुख्यालय (सितारगंज मण्डी ) |
| 34 | बन्नाखेडा | 76 | सितारगंज मण्डी |
| 35 | रैंटा | 77 | बिष्टीपटिया |
| 36 | रामनगर | 78 | पिपलियानाथु |
| 37 | सुल्तानपुर पटटी | 79 | उत्तरी सितारगंज स0 मु0 (चौमेला) |
| 38 | बेरियादौलत | 80 | मैनाझुण्डी |
| 39 | मसीत | 81 | शक्तिफार्म उप मण्डी प्रथम |
| 40 | तालीफार्म | 82 | बैकुण्ठपुर (शक्तिफार्म उप मण्डी द्वितीय) |
| 41 | फौजीकालौनी समिति मुख्यालय | 83 | तिलियापुर (शक्तिफार्म उप मण्डी तृतीय) |
| 42 | फौजीकालौनी समिति मुख्यालय द्वितीय (रतनपुरा) | 84 | कुँवरपुर सिसैया |

प्रबन्ध निदेशक
यू.सी.एफ., देहरादून

Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 85 | बिज्टी | 132 | भूड़ा किशनी |
| 86 | नकटपुरा | 133 | नौगवानाथ |
| 87 | करघटा | 134 | उत्धनबिसौटा |
| 88 | सिसौना | 135 | हल्दी खटीमा |
| 89 | नकुलिया | 136 | नौगवाठग्गू |
| 90 | चीनीमिल | 137 | खटीमा मण्डी |
| 91 | कठंगरी | 138 | मोहम्मदपुर भुड़िया |
| 92 | बिजपुरी | 139 | दियूरी |
| 93 | सुनखरी | 140 | प्रतापपुर प्रथम |
| 94 | नानकमत्ता मण्डी | 141 | प्रतापपुर द्वितीय |
| 95 | नगला | 142 | नानकसागर |
| 96 | मटीहा | 143 | मुण्डेली |
| 97 | खेमपुर | 144 | नादन्ना |
| 98 | इटव्वा | 145 | बग्घा चौबन |
| 99 | नौगजा | 146 | जमौर |
| 100 | नवीनगर | 147 | दाहफार्म |
| 101 | सिसईखेडा | 148 | नौसर |
| 102 | डियूढी | 149 | बरी अंजनिया |
| 103 | लामाखेडा | 150 | चन्देली |
| 104 | बिचुवा | 151 | बानूसा |
| 105 | सलवता सलवती | 152 | गांगी |
| 106 | सिद्धानवदिया | 153 | बानूसी |
| 107 | ध्यानपुर | 154 | पुरनापुर |
| 108 | आदेली | 155 | सवौरा |
| 109 | मोहम्मदगंज | 156 | मझौला |
| 110 | मगरसडा | 157 | सैजना |
| 111 | अजनिया (डोहरा) | 158 | खेतलसण्डा (खटीमा मण्डी) |
| 112 | बलखेडा | 159 | जोगीठेर नगला |
| 113 | पिपलियाबिस्तौर | 160 | उमरूकलां |
| 114 | खमरिया | 161 | कंचनपुरी |
| 115 | चकरपुर | 162 | सुनपहर |
| 116 | सुजिया | 163 | सरपूडा |
| 117 | गौहरपटिया | 164 | अलावर्दी |
| 118 | कुमराह | 165 | बिरिया मझौला |
| 119 | मण्डी स्थल खटीमा | 166 | छिनकी |
| 120 | गोतीकुआं | 167 | उलानी |
| 121 | चारूबेटा | 168 | दिया |
| 122 | भडा भुडिया | 169 | बग्घा चौबन द्वितीय |
| 123 | धारू भुडिया | 170 | बनकटिया |
| 124 | झनकट | 171 | पौलीगंज |
| 125 | झनकट द्वितीय | 172 | श्रीपुरबिचुवा |
| 126 | बिगराबाग | 173 | कुआखेडा |
| 127 | पहेनिया | 174 | कुटरा |
| 128 | रतनपुर | 175 | पचौरिया |
| 129 | झनकईया | 176 | खटीमा मण्डी द्वितीय |
| 130 | खेलडिया | 177 | दमगडा |
| 131 | खालीमुहवट | | |

प्रबन्ध निदेशक
यू.सी.एफ., देहरादून

Scanned with CamScanner

Scanned with OKEN Scanner

जनपद– नैनीताल

| क्र0 | नाम क्रय केन्द्र | क्र0 | नाम क्रय केन्द्र |
|---|---|---|---|
| 01 | गिन्तीगॉव | 07 | करनपुर |
| 02 | कुँवरपुर | 08 | बैलपडाव |
| 03 | लाखनमण्डी | 09 | पीरूमदारा |
| 04 | चकलुवा | 10 | पीपलसाना |
| 05 | छोई | 11 | हल्दूचौड |
| 06 | शंकरपुर | 12 | बिन्दुखत्ता |

जनपद– चम्पावत

| क्र0 | नाम क्रय केन्द्र | क्र0 | नाम क्रय केन्द्र |
|---|---|---|---|
| 01 | बनबसा | 02 | टनकपुर |

जनपद– हरिद्वार

| क्र0 | नाम क्रय केन्द्र | क्र0 | नाम क्रय केन्द्र |
|---|---|---|---|
| 01 | ज्वालापुर | 07 | मंगलौर |
| 02 | लालढांग | 08 | नारसन |
| 03 | गोरधनपुर | 09 | झबरेडा |
| 04 | भगवानपुर | 10 | दाबकीकलां |
| 05 | लाठरदेवा (पनियाला) | 11 | बहादराबाद |
| 06 | चुडियाला | | |

जनपद– देहरादून

| क्र0 | नाम क्रय केन्द्र | क्र0 | नाम क्रय केन्द्र |
|---|---|---|---|
| 01 | हरबर्टपुर | 07 | सिंघनीवाला |
| 02 | जस्सोंवाला | 08 | झाझरा |
| 03 | धर्मावाला | 09 | डोईवाला |
| 04 | विकासनगर | 10 | श्यामपुर |
| 05 | सहसपुर | 11 | खदरी खडकमाफ |
| 06 | अम्बाडी | | |

27– पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले प्रतिभागी/प्रतिभागियों को, उनके कार्यो अनुभव, ट्रक उपलब्धता एंव वित्तीय क्षमता, संघ में कार्य करने का अनुभव तथा गत वर्षो में संघ के हैण्डलिंग एवं परिवहन की निविदा में प्रतिभाग किया गया था, को वरीयता दी जायेगी।

28– निविदा में प्रस्तावित क्रय केन्द्रों के नामों मे से कोई एक या एक से अधिक क्रय केन्द्र आवंटित करने का अधिकार संघ के पास सुरक्षित होगा।

29– निविदा स्वीकृत होने के पश्चात् ठेकेदार को धान क्रय केन्द्र पर स्वंय उपस्थित रहना अथवा अपना प्रतिनिधि रखना आवश्यक होगा। प्रतिनिधि का पूरा नाम एंव स्पष्ट पता व मोबाइल नं0 जिला कार्यालय को देना होगा ताकि आवश्यकतानुसार उनसे सम्पर्क किया जा सके।

30– जिन निविदादाताओं की तकनीकी निविदाओं की शर्ते पूरी होगी केवल उन्हीं की वित्तीय निविदा खोली जायेगी।

प्रबन्ध निदेशक
यू.सी.एफ., देहरादून

Scanned with CamScanner

Scanned with OKEN Scanner

31– सशर्त/अपूर्ण निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी और न ही ऑनलाइन निविदाओं के अतिरिक्त अन्य किसी निविदा पर विचार किया जायेगा।

32– निविदिदाता को वित्तीय निविदा BOQ शीट में आनलाइन डाउनलोड करनी होगी एंव आनलाइन ही अपलोड करनी होगी।

किसी भी एक निविदा/समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

प्रबन्ध निदेशक
…सी.एफ., देहरादून

Scanned with OKEN Scanner

शपथ पत्र का प्रारूप

## शपथ पत्र

(रू0 10 के नाम जुडिशियल स्टाम्प पर नोटरी द्वारा प्रमाणित)।

मै शपथ/शपथिनी.............................................................................................................
पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री..................................................................................उम्र........................
वर्ष निवासी...........................................................................................................................
शपथपूवक्र यह घोषणा करता/करती हूँ–

01. यह कि शपथ/शपथिनी द्वारा आधार नम्बर, अनुभव प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र/आयकर विवरणी (निविदा की शर्तो/अर्हता के प्रविधानानुसार आयकर रिर्टन, बैलेन्शीट, प्राफिट एण्ड लॉस एकाउन्ट एवं कम्पनी की दशा में आर0ओ0सी0 रिर्टन) पैन,, शिड्यूल टैक्स–आडिट रिपोर्ट (जहॉ लागू हो) एवं जी0एस0टी0 के सम्बन्ध में आवश्यक तथा विधिमान्य अभिलेखों को (जो निविदा के शर्तो/अर्हताओं के प्रविधानों के अनुसार वांछित है) आवदेन पत्र के साथ संलग्न किया गया है।

02. यह कि शपथी/शपथिनी द्वारा स्वयं/फर्म के एकल स्वामित्व/भागीदारों/कम्पनी के प्रबन्ध निदेशक तथा अधिकृत प्रतिनिधियों के स्थायी निवास तथा वर्तमान निवास का प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया गया है।

03. यह कि शपथी/शपथिनी द्वारा अनुमन्य प्रमाण पत्रों में कोई विसंगति संज्ञान में आती है या किसी भी समय कोई ऐसा तथ्य या विवरण का छिपाया जाना प्रकाश में आता है, अभ्यर्थन/टैण्डर/ठेका निरस्त कर दिया जाये, जिससे मुझे/हमे किसी प्रकार की काई आपत्ति नहीं होगी।

04. यह कि आवदेक/शपथी/शपथिनी अथवा परिवार को कोई सदस्य ना तो किसी राईस मिल का मालिक है और ना ही किसी राईस मिल में भागीदार है, ऐसा पाये जाने पर अभ्यर्थन/टैण्डर/ठेका निरस्त कर दिया जाये, जिससे मुझे/हमें किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं होगी।

05. यह कि मै/हम यह भी प्रमाणित करते/करता/करती हूँ कि मेंरे/फर्म कम्पनी कही भी ब्लैक लिस्ट नहीं है एवं और ना ही मेरे फर्म/कम्पनी/उसके किसी भी पार्टनर के विरूद्ध किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही प्रचलन में है। यदि कहीं भी ऐसा पाया जाता है तो अभ्यर्थन/टेण्डर/ठेका निरस्त कर दिया जाये, जिससे मुझे/हमें किसी प्रकार की काई आपत्ति नहीं होगी।

06. यह कि मै/हम यह भी प्रमाणित करते/करती हूँ कि ठेका स्वीकृत होने के उपरान्त विभाग द्वारा प्रदत्त ठेके को मेरे/हमारे द्वारा निष्ठापूर्वक सम्पादित किया जायेगा तथा विभाग में नियमानुसार अनुबन्ध एवं प्रतिभूति आदि की समस्त वांछित औपचारिक्ताऐं पूर्ण करने के उपरान्त ही कार्य सम्पादित किया जायेगा। मेरे/ हमारे द्वारा ऐसा न करने पर ठेका निरस्त करने का पूर्ण अधिकार विभाग को होगा, जिस पर मुझे/हमे कोई आपत्ति नहीं होगा।

07. यह कि मै/हम यह भी प्रमाणित करता/करती हूँ कि टैण्डर का कार्य मुझे/हमे आवंटित होने पर उसे किसी भी व्यक्ति/फर्म/कम्पनी को सबलेट नहीं किया जायेगा।

प्रबन्ध निदेशक
यू.सी.एफ., देहरादून

Scanned with OKEN Scanner

08. यह कि मै/हम यह भी प्रमाणित करता/करती हूँ कि मुझे कार्य आवंटन समक्ष स्तर से प्राप्त होने के उपरान्त विलम्बतम 7 दिन के अन्दर समस्त औपचारिक्ताऐं पूर्ण कर कार्य प्रारम्भ कर दूँगा/दूँगी।

09. यह कि मै/हम प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे/हमारे द्वारा टैण्डर शर्तो का पूर्ण अनुपालन किया जायेगा।

सत्यापन

मै शपथ/शपथिनी उपरोक्त सत्यापित करता/करती हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र की क्रमांक–1 से 9 तक मेरे निजी ज्ञान व विश्वास से सत्य व सही है, जिसे मैने आज दिनांक............................................को अपने हस्ताक्षर से तस्दीक किया।

दिनांक.............................................

स्थान..............................................

शपथी/शपथिनी

प्रबन्ध निदेशक
यू.सी.एफ., देहरादून

Scanned with OKEN Scanner